Sixteenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding closure of railway level crossing no. 3 (Begum Bazar) in Phulphur Parliamentary Constituency.

श्री नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल (फूलपुर) अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, धन्यवाद। …(व्यवधान) हमारे संसदीय क्षेत्र 51, फूलपुर, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश में रेलवे लेवल क्रांसिग संख्या-3 बेगम बाजार के नाम से जाना जाता है, जहां पहले से बहुत पुराना रेलवे फाटक बना हुआ था और भगवतपुर की तरफ लगभग 50 गांव हैं और बेगम बाजार की तरफ लगभग 50 गांव हैं, जो जी.टी.रोड को जोड़ने का भी काम करता है।…(व्यवधान)

अभी हमारे नवनिर्मित एयरपोर्ट का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री जी दिनांक 16 दिसम्बर, 2018 को कर चुके हैं। … (व्यवधान) यह एयरपोर्ट जाने का मुख्यमार्ग है और इंडियन ऑयल के टैंकर, आईटीबीपी के वाहन, आम नागरिकों एवं छात्रों का आवागमन भी इसी मार्ग से होता है, क्योंकि अनेक विद्यालय भी इस मार्ग पर हैं।…(व्यवधान) यह कार्य कुम्भ मेला के कार्य से भी जुड़ा हुआ है। यह पुल चालू न होने के कारण लोगों को बहुत परेशानी हो रही है।… (व्यवधान)

महोदया, वहां पर आर.ओ.बी. निर्माण का कार्य किया गया है, जिसमें सेतु निगम, उत्तर प्रदेश और रेलवे विभाग द्वारा मिलकर किया गया है।… (व्यवधान) रेलवे द्वारा भी लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है और रेलवे ने अचानक कार्य को बन्द कर दिया। … (व्यवधान) वहां पर कई महीने से रेलवे फाटक लेवल क्रॉसिंग संख्या – 3 बन्द है और आर.ओ.बी. भी अभी नहीं बन पाया है।… (व्यवधान) जिस फाटक से पहले लोग आते-जाते थे, उसे भी बन्द कर दिया गया है और जनता परेशान है। जनता वहां पर लगातार धरना-प्रदर्शन कर रही है और जनता बहुत मजबूर है। … (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि किस कारण से आर.ओ.बी. का कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है? … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात हो गई है।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव ।

… (व्यवधान)